सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 80 | इंदौर, बुधवार 02 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Swachhata Hi Seva 2024: 'गंदगी से नफरत हमें स्वच्छता के लिए मजबूर करेगी और मजबूत भी', पीएम मोदी ने दिया मंत्र**
2. **UP Delivery Boy Murder: भरत हत्याकांड में नया खुलासा, बहन के सामने साथी की मदद से गजानन कार में ले गया था लाश**



# जीतू पटवारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो-चौरड़िया

## राज्यसभा सांसद अशोक सिंह को कहे आपत्तिजनक शब्द

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। पिछले दिनों विभिन्न समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी आम जनता के संज्ञान में आयी कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह के लिए कुछ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। इस घटनाक्रम के गवाह पूर्व मंत्री, विधायक एवं कई और नेतागण भी हैं।**

प्रदेश अध्यक्ष द्वारा देश के सर्वोच्य सदन राज्यसभा के सदस्य एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से आने वाले नेता को इस तरह से संबोधित करना कांग्रेस पार्टी की रीति - नीति का खुला उल्लंघन एवं अवहेलना है। इस तरह के वातार्लाप एवं विमर्श को अत्यंत गंभीरता से लिया जाना चाहिए एवं कांग्रेस पार्टी के संविधान के अनुरूप इस तरह की बातचीत करने वाले के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए चाहे वह व्यक्ति कितने भी बड़े पद पर विराजित हो। इस विषय में अजय चौरडिया द्वारा मध्य प्रदेश कांग्रेस संगठन के प्रभारी महासचिव, अनुशासन समिति के प्रभारी एवं अन्य जिम्मेदार नेताओं को एक पत्र लिख कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कर पार्टी से निष्कासित करने की माँग गई है।

## सानू कसेरा को मिला सम्मान

**इंदौर।** मेट्रो प्रोडक्शन सर्विसेज के संचालक शानू कसेरा को हाल ही में दादा साहेब फाल्के फैशन आइकॉन लाइफस्टाइल अवार्ड से सम्मानित किया गया। होटल मेरियट में हुए समारोह में उन्हें यह सम्मान मिला। गौरतलब है कि शानू कसेरा पिछले दो दशक से फिल्म प्रोडक्शन, प्रमोशन और इवेंट्स के लिए पूरे मध्यप्रदेश में आने वाली बड़ी सेलिब्रिटीज को सिक्योरिटी देते हैं। शाहरुख खान, सलमान खान, कटरीना कैफ, विक्की कौशल, कंगना रनोट, अक्षय कुमार, कार्तिक आर्यन जैसी कई बड़े बॉलीवुड सेलेब्रिटीज को उन्होंने सुरक्षा मुहैया करवाई है।

## रेसीडेन्सी क्ल ब में संगिनी कैंसर केयर सोसायटी के वार्षिकोत्सव का आयोजन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** संगिनी कैंसर केयर सोसायटी के वार्षिकोत्सव संगिनी की उमंग का आयोजन रेसीडेन्सी क्लब में किया गया।संगिनी कैंसर केयर सोसायटी की अनुराधा सक्सेना ने बताया संगिनी की उमंग कार्यक्रम में 80 से अधिक विजेता (ब्रेस्ट कैंसर सर्वाइवर) मौजूद थीं। जिन्होंने न केवल कैंसर पर जीत हासिल की हैं, बल्कि लोगों को इससे डटकर सामना करने की भी हिम्मत दी हैं। संस्था की जननी स्व. डॉ अनुपमा नेगी को समर्पित इस कार्यक्रम मे डॉक्टर्स से सुनिए में डॉ राकेश तारण, डॉ अमित जैन, डॉ गीतिका पालीवाल और डॉ सुरभि गर्ग ने कैंसर उपचार और देखभाल में प्रगति विषय पर सरल भाषा में बताया और समझाया। संगिनी संस्था का गीत श्रीमती छाया मटंगे द्वारा लिखित और उनके निर्देशन मे श्रीमती क्षिप्रा घोष कोमल रामचंदानी, जगमीत कौर, नेहा ऐरन, अल्पना नारायणे, विशाखा मराठे, पायल वर्मा और सरोज पाटिल ने प्रस्तुत किया। विजेताओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसमें रूपिका सान्याल, डॉ. संगीता गुप्ता, सीमा तिवारी, मधू लखानी, चित्रा कालरानी, विम्मी डावर, किरण नागपाल और अनुराधा सक्सेना शामिल थे। संगिनी के साथ का सफर की सुंदर प्रस्तुति डा रूही मिश्रा तथा वनमाला कोठारी ने दी। विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से संगिनियों का मनोबल बढ़ाया गया।प्रारंभ मे स्वागत भाषण श्रीमती जनक पलटा ने दिया,। रिपोर्ट अनुराधा सक्सेना ने पेश की। कार्यक्रम में डाक्टरों, रोगियों उनके परिजनों व मौजूद व्यक्तियों ने कैंसर व उससे जुड़े अपने अनुभव साझा किए। संचालन की जिम्मेदारी प्रवीणा विपट ने बाखूबी निभाई। रूपिका सान्याल ने आभार माना।

## नवरात्रि उत्सव पांडालों में वैध कनेक्शन से ही बिजली उपयोग की अपील

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे नवरात्रि महोत्सव आयोजकों से कार्यक्रम स्थल/ पांडालों में वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली उपयोग की अपील की है। बिजली कंपनी ने कहा कि पांडालों, गरबा स्थलों इत्यादि जगह वैध लिया जाए। तार पर हुकिंग कर सीधे बिजली उपयोग में नहीं लिया जाए, यह बहुत ही खतरनाक होता है। साथ ही उत्सव, बारिश के दौरान करंट से बचाव को लेकर अतिरिक्त सतर्कता भी बरती जाएं। जमीन पर कोई खुला तार न ?खा जाए। उत्सव आयोजक कटे, टूटे तारों के पांडाल व कार्यक्रम स्थल पर उपयोग नहीं करे। सुरक्षा और सावधानियों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने कहा कि उत्सव खुशी, उमंग के लिए होते है, उत्सवों पर आयोजक बिजली के वैध कनेक्शन लेकर कार्य करे एवं सावधानियों, सुरक्षा मापदंडों का पूर्णतः करे, ताकि उत्सव में विपरीत स्थिति निर्मित नहीं हो। प्रबंध निदेशक ने कहा कि बिजली संबंधी किसी भी मदद या कोई सूचना के लिए मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के केंद्रीयकृत कॉल सेंटर 1912 या बिजली वितरण जोन, वितरण केंद्र प्रभारी से संपर्क किया जा सकता हैं।




## श्वानों को पकड़ कर ले जाने वालों के खिलाफ दर्ज करवाया केस

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** किशनगंज थाने में पशु प्रेमी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। शिकायत दर्ज करवाई गई है कि गांव से पांच छोटे और पांच बड़े श्वानों को मारपीट कर रस्सी नुमा तार से बांधकर ले जाया गया है। किशनगंज थाने में फरियादी प्रियांशु जैन की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादिया ने पुलिस को बताया कि उन्हें क्षेत्र के रहवासी तरणजीत सलूजा के माध्यम से सूचना मिली थी कि आयुष्मान रेजिडेंसी कॉलोनी ग्राम पांदा में पांच छोटे और 5 बड़े श्वान को डंडे से बेरहमी से मारपीट कर रस्सी नुमा तार से बांधकर कुछ अज्ञात लोग लोडिंग में डालकर ले गए हैं। श्वानों को कहां ले जाया गया है, उनके साथ क्या किया गया है यह किसी को पता नहीं है। कुछ लोगों ने श्वान पकडऩे वालों के फोटो वीडियो ले लिए थे, उसी आधार पर मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

## स्वछता की थीम पर आयोजित किया शिविर

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** ग्राम ड्काचीया मे श्री जयंतीलाल हीराचंद संघवी गुजराती इनोवेटिव कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस के एनएसएस के स्वयमसेवक/सेविकाओ द्वारा, प्रिंसिपल डॉ सौरभ परिख के मार्गदर्शन मे व अधिकारी डॉ किंजल शाह के नेतृत्व मे शिविर आयोजित किया गया। शिविर की थीम स्वछता अभियान पर आधारित थी। शिविर में रैली के माध्यम से साफ सफाई रखने हेतु समस्त ग्राम वासियों को प्रेरित किया गया, नदी के आसपास साफ सफाई की गई, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सफाई रखने का जागरूक संदेश दिया गया। साथ ही ग्राम वासियों को घर व आसपास स्वछता रखने हेतु निवेदन किया गया। शिविर मे एनएसएस कमेटी से डॉ नीतू चौहान, डॉ अर्पित मित्तल मैडम भी उपस्थित थे। शिविर मे जाने के पूर्व सेवक व सेविकाओ को कैप,पेन, हेंड क्लोब्स,डायरी भी वितरित की गई।

## बास्केटबॉल स्पर्धा में माउंट इंडेक्स स्कूल ने लहराया परचम

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूलः सीबीएसई क्लस्टर 12 वीं बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2024-25 का अपराजित चैंपियन माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर, सीबीएसई क्लस्टर 12वीं बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2024-25 के अपराजित चैंपियंस के रूप में अपनी बास्केटबॉल टीमों को प्रस्तुत करते हुए रोमांचित है। 27 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक आईईएस भोपाल में आयोजित इस टूनार्मेंट में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें अंडर-14 वर्ग में 70 टीमें और अंडर-17 वर्ग में 111 टीमें शामिल थीं, जो पूरे मध्य प्रदेश से थीं। अंडर-17 फाइनल में माउंट इंडेक्स ने सेंट पॉल स्कूल, उज्जैन पर दबदबा बनाते हुए जोरदार प्रदर्शन करते हुए 55-26 से मैच जीत लिया। अंडर-14 वर्ग में लिटिल एंजल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, ग्वालियर के साथ फाइनल मैच में कड़ा मुकाबला हुआ। हालाँकि, माउंट इंडेक्स टीम की दृढ़ता का फल मिला और उन्होंने 33-29 के स्कोर के साथ जीत हासिल की और चैंपियन के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली। दोनों टीमों ने अब अपनी असाधारण प्रतिभा और समर्पण का प्रदर्शन करते हुए गर्व से सीबीएसई क्लस्टर नेशनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। एमडी मयंकराज सिंह भधोरिया सर, सीईओ रूपेश वर्मा सर, प्रिंसिपल श्याम अग्रवाल सहित स्कूल प्रबंधन और पूरे खेल विभाग ने बास्केटबॉल टीमों और उनके कोच शाकिब खान और राहुल भगेल को हार्दिक बधाई दी।

## गौरव को मिला युवा गीतकार सम्मान

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** ललित फाउण्डेशन के तत्वावधान में 27 से 29 सितंबर तक आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम अभिव्यंजन-3 व कवि प्रीमियर लीग के अन्तर्गत सम्मान सत्र में, विश्वविख्यात राम कथा मर्मज्ञ और युग कवि डॉ कुमार विश्वास द्वारा संचालित विश्वास ट्रस्ट द्वारा युवा गीतकार सम्मान( रू. 51000/- ) से इन्दौर के ख्यात कवि और गीतकार गौरव साक्षी को अलंकृत किया गया। गौरव को सम्मान राशि का चेक कुमार विश्वास जी ने स्वयं अपने हाथों से प्रदान किया।

# लगा रहे थे दम, पुलिस ने पकड़कर जेल पहुंचाया

**इंदौर। क्राइम ब्रांच आपरेशन प्रहार चलाकर लगातार मादक पदार्थों की खरीदी बिक्री और इनका सेवन करने वालों पर लगातार शिकंजा कस रही है। इसी कडी में क्राइम ब्रांच ने कुछ ठिकानों पर दबिश दी तो पांच नशेड़ी दम लगाते मिले। जिन्हें गिर तार कर जेल पहुंचाया गया है।**

क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि न सिर्फ मादक पदार्थों की खरीदी बिक्री करने वालो को पकड़ा जा रहा है बल्कि इनका सेवन करने वालों पर भी पुलिस शिकंजा कस रही है। लगातार कार्रवाई की जा रही है और अब तक &7 आरोपियों को गिर तार किया जा चुका है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया को सूचना मिली थी कि कुछ लोग छुप छुपाकर मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं,ऐसे में जिन स्थानों की जानकारी मुखबिर से मिली वहा क्राइम ब्रांच की टीमों ने दबिश दी तो वहां दम लगाते हुए बबलू निवासी शांतिनगर, चंद्रकांत उर्फ चिंटू मामा शेल्के निवासी शिवाजी नगर,विशेष उर्फ ब'ू धूरियां निवासी गोविंद कालोनी, अमित उर्फ युवराज अतुलकर निवासी छोटी कुमार खाड़ी और हर्ष उर्फ निक्कू शर्मा निवासी दिव्या विहार कालोनी मिले जिन्हें गिर तार कर लिया गया। इन सभी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# युवक ने पिया एसिड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा थाना में एक युवक ने एसिड पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। बताया जाता है कि आरोपियों ने उसे घेर लिया और पीटने लगे। जब बचने के लिए घर के अंदर गया तो वे वहां पर भी पहुंच गए। इस आपाधापी में मां घर के बाहर रह गई। उनके साथ में मारपीट नहीं हो जाए इस डर से युवक ने एसिड पी लिया। फिलहाल उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। शुभम पिता कमल जेटिया (22) निवासी शिवकंठ नगर की शिकायत पर सोनू और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

उन्होंने पुलिस को बताया कि घर के बाहर रोड पर था। तभी सोनू ने मोबाइल फोन लगाकर घर पर बुलाया। उसके वहां पर जाते ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसके साथ में मारपीट कर दी। उसका कहना था कि बहन से बात क्यों करता है। अब अगर उससे बात की तो जान से मार देगा। इसी बात पर विवाद हुआ और आरोपियों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। विवाद होता देख आसपास के लोग वहां पर आ गए और बीच बचाव करके उसे छुड़ा दिया। मारपीट से बचने के लिए उसने दौड़ लगाई और घर के अंदर चला गया। अंदर जाकर उसने दरवाजा लगा लिया। इस पर आरोपी सोनू व उसके दोस्त पीछा करते हुए घर तक आ गए। घर का दरवाजा खटखटाने लगे। इस दौरान मम्मी घर के बाहर ही रह गई थी। जिससे वह डर गया और बाथरूम में जाकर एसिड पी लिया। पापा घर पर आए तो वह उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। अभी उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने उसके बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## चैन स्नैचर प्रीत की जमानत निरस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शातिर चेन स्नैचर प्रीत मालवीय की पुलिस ने न्यायालय से जमानत याचिका निरस्त कराई है। एसीपी विजयनगर आादित्य पटले ने बताया कि गंभीर अपराधों में लिप्त बदमाशों की लगातार जमानत निरस्त कराई जा रही है इसी कड़ी में थाना लसूडिया के आदतन अपराधी प्रीत पिता अशोक मालवीय निवासी लसूडिया की जमानत याचिका निरस्त कराई गई है। वह जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद भी लगातार चेन स्नैचिक की वारदातों में लिप्त था। जिसके चलते पुलिस ने उस पर शिकंजा कसा और उसकी जमानत न्यायालय से रद्द करा दी। जमानत रद्द होते ही उसका गिर तारी वारंट जारी किया गया है।

## घर आकर की मारपीट

**इंदौर।** द्वारकापुरी में एक कॉलेज छात्रा से घर में घुसकर दोस्त ने मारपीट की। उसे बचाने आए पिता को भी आरोपी ने पीट दिया। दोनों की शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।पुलिस के मुताबिक छात्रा ने अमन कश्यप निवासी घनश्याम दास नगर पर केस दर्ज कराया है। छात्रा ने बताया कि इंस्टाग्राम पर अमन कश्यप से जान पहचान हुई। तीन माह पहले मैंने उससे दोस्ती तोड़ दी। इसके बाद से अमन कॉलेज और कोचिंग जाते समय पीछा करता है। रात को आरोपी घर आया और गालियां देने लगा। बाहर आई तो हाथापाई करने लगा। पिता बचाव करने आए तो उन्हें मारकर गिरा दिया। धमकी दी कि वह कहीं का भी नहीं छो?गा। फोटो वायरल करने और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद परेशान छात्रा ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी।

## सरेराह की मारपीट

**इंदौर।** मल्हारगंज थाना क्षेत्र के अंतिम चौराहे पर आरोपियों ने एक युवक को पीट दिया। बताया जाता है कि उनके बीच में विवाद चल रहा है। इसी विवाद में आरोपियों ने युवक को अंतिम चौराहे पर पीट दिया। महेंद्र राठौर पिता गोवर्धन राठौर निवासी जयभवानी नगर की शिकायत पर अंकित यादव,संदीप यादव,शुभम पथरोड और एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। महेंद्र ने पुलिस को बताया कि क्लाथ मार्केट वेयर हाउस के गेट अंतिम चौराहा पर बैठा था। साथ में परिचित सदामा सेन भी वहां पर था। इसी दौरान आरोपी वहां पर आए और उसे घूरने लगे। आरोपियों ने हाल ही में अंतिम चौराहा के पास स्थित माता मंदिर पर बैनर लगाने की बात को लेकर विवाद हो गया था कुछ देर उसे घूरने के बाद आरोपी वहां पर आए और उसके साथ में गाली गलौज करने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। उसे धमकाते हुए वहां से भाग गए। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

## दो गुटों में मारपीट

**इंदौर।** आजाद नगर पुलिस ने रूपाली अवछट (17) निवासी शांति नगर की रिपोर्ट पर सागर,आकाश,आशु, शिवानी ,खुशी,राजा और कालू के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 28 सितंबर को फरियादी और मुलजिमों के बीच झगड़ा हो गया था जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज हो गई थी। उसी झगडे को लेकर फिर मुलजिम और फरियादी का आमना सामना हुआ तो उन्होंने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। दूसरे गुट में अश्विन कलमे की रिपोर्ट पर राकेश,कार्तिक, कुणाल और गिरधारी के खिलाफ केस दर्ज किया है। बताते हैं कि दोनों तरफ से पांच से 'यादा लोगों को चोट लगी है। झगड़े में पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है क्योंकि रिपोर्ट होने के बाद भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

## जबरदस्ती दोस्ती करने की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बीबीए कर रही छात्रा ने उसके दोस्त पर छेड़छाड़, धमकी व मारपीट का केस दर्ज कराया है। छात्रा ने कहा कि आरोपी ने दोस्ती करने के बाद साथ में लिये गए फोटो को वायरल करने की धमकी दी है। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक 20 साल की छात्रा ने बताया कि वह देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी से बीबीए की पढ़ाई कर रही है। 2 साल पहले कॉमन फ्रेंड के माध्यम से अरबाज पठान से दोस्ती हुई। इसके बाद अरबाज जबरदस्ती बात करने की कोशिश करने लगा। एक दो बार मिले तो उसने साथ में सेल्फी ली और कुछ फोटो खींचकर अपने पास रख लिए। सोमवार को यूनिवर्सिटी के इवेंट में अरबाज ने हाथ पकड़ लिया अपने पास खींचने लगा। विरोध किया तो साथ में लिए गए फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। इसके बाद उसने मारपीट कर अश्लील हरकत की। परेशान छात्रा ने भंवरकुआ थाने जाकर आरोपी अरबाज के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी।

# कर्बला मैदान पर हिन्दू संगठनों ने की महाआरती, दीप जलाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के कर्बला मैदान में पेड़ के नीचे विराजित हनुमान प्रतिमा की आरती मंगलवार को हुई। इस दौरान साधु संत और हिन्दू संगठन के पदाधिकारी भी थे। कानून व्यवस्था न बिगड़े। इस कारण यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था। मंगलवार शाम से ही पेड़ के नीचे लोग एकत्र होना शुरू हो गए थे।

करीब डेढ़ सौ लोगों की मौजूदगी में शाम को महाआरती शुरू हुई। इस दौरान महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज भी मौजूद थे। युवक परिसर में भगवा पताकाएं लेकर खड़े थे। पहले हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। इसके बाद आरती हुई। एक युवक हनुमान की वेषभूषा में भी आया था। आरती के भीड़ ने जय श्रीराम के नारे लगाए। आरती समाप्त होने के बाद प्रसाद



बांटा गया और मैदान के कुछ हिस्से में दीप भी चलाए गए। इसके बाद आतिशबाजी भी की गई।हाल ही में कर्बला मैदान की जमीन को लेकर जिला कोर्ट ने नगर निगम के पक्ष में फैसला दिया है। इसके बाद सात एकड़ जमीन का कब्जा लेते हुए नगर निगम ने अपने स्वामित्व का बोर्ड भी वहां गाड़ दिया है। वर्षो तक इस जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। इसे नगर निगम अपनी बताता रहा और वक्फ बोर्ड ने इस पर हक जताया था। रिकार्ड में यह जमीन वक्फ बोर्ड के नाम भी दर्ज हो चुकी थी, लेकिन कोर्ट का फैसला आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई। उधर दूसरा पक्ष इस मामले में हाईकोर्ट में भी याचिका दायर करने की तैयारी कर रहा है। नगर निगम ने भी हाईकोर्ट में केविएट दायर की है, ताकि उनका पक्ष भी सुना जा सके। इस जमीन के समीप सरस्वती नदी बहती है। वहां हर साल ताजिए ठंडे किए जाते है। इसके बाद मैदान में तीन दिन मेला भी लगता है। कई बार तीन दिनों के बीच मंगलवार आने पर मेले के साथ हनुमान मंदिर में आरती भी हुई। इस दौरान विवाद की स्थिति भी बनी थी।

## विवादित बयान से पीछे हटे बीजेपी जिलाध्यक्ष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बीजेपी जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा अपने कल दिए हुए बयान "गोमूत्र पिलाकर गरबा पंडाल में एंट्री" से पीछे हट गए है। जिलाध्यक्ष वर्मा ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कहा की यह मेरा निजी मत था। जिसे कांग्रेस ने वाद विवाद का रूप दे दिया है।जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा ने अपने विवादित बयान पर सफाई देते हुए कहा कि कल मैंने बहुत पवित्र मन के साथ बहुत पवित्र बात को व्यक्त किया था। लेकिन कांग्रेस के लोगों ने एक विवाद का रूप दे दिया। मेरा ऐसा मानना है की सबकी अपनी अपनी धार्मिक मान्यताएं रहती है। भारत सर्व धर्म समभाव वाला देश है। मेरे व्यक्तिगत विचार किसी प्रकार के ऐसे नहीं थे की कहीं कोई अनिवार्यता हो या कहीं किसी प्रकार के प्रतिबंध जैसे विचार नहीं था। हम सनातन संस्कृति के है और ऋषि मुनियों के समय से अनादिकाल से परम्परा चली आ रही है आज भी हम उन चीजों का पालन करते है। जो मेरा व्यक्तिगत विचार था उसको किसी प्रकार के विवाद का रूप नहीं देना चाहिए। वह पवित्र विचार था जो हमारी आस्था के साथ जुड़ा हुआ था जो मैंने साझा किया था। भाजपा जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा- 'गरबा माता की आराधना का पर्व है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसमें शामिल होना चाहिए। माता की आराधना हमारी बहन और बेटियां करती हैं। समय-समय पर ऐसी चर्चा आती रहती हैं कि कुछ लोग ऐसे शामिल हो जाते हैं, जिन्हें लेकर चर्चा हो जाती है। इसलिए मेरा तो ऐसा मानना है और मैं सबसे अपील भी करना चाहूंगा कि हम पंडालों में प्रसाद वितरण करते हैं, तो गो माता जो हमारी माता है, गो मूत्र हम पीते है, उसे प्रसाद स्वरूप सभी को देना चाहिए।

योगी सरकार की राह पर रतलाम नगर निगम

# नवरात्रि मेले में दुकानों पर लिखना होगा नाम, शहर काजी बोले- सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। रतलाम नगर निगम उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार की राह पर है। इस बार नवरात्रि मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदारों को अपने बोर्ड के साथ नाम और प्रोपराइटर का नाम लिखना होगा। नगर निगम की राजस्व समिति के इस फैसले को लेकर विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहा है।**

रतलाम के कालिका माता मंदिर में 9 दिवसीय गरबा रास होता है। दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस साल मंदिर में 3 से 12 अक्टूबर तक दस दिवसीय नवरात्रि मेला लगेगा। मेले में एमपी ही नहीं, यूपी, राजस्थान, गुजरात के भी व्यापारी आकर दुकान लगाते हैं। पहली बार मेले में आने वाले दुकानदारों को अपने नाम का बोर्ड लगाना अनिवार्य किया गया है।

### शहरकाजी बोले- निगम का तुगलकी फरमान

निगम के इस फैसले को शहर काजी सैयद आसिफ ने तुगलकी बताया है। उन्होंने कहा, ऐसा फैसला यूपी में योगी सरकार ने भी लिया था। इसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की जाएगी। निगम ने फिलहाल अपने इस ऑर्डर की कॉपी नहीं दी है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत ऑर्डर कॉपी मांगी गई है। इसके मिलते ही एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन फॉर सिविल राइट्स दिल्ली की संस्था की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की जाएगी। शहर काजी ने यह भी कहा कि कलेक्टर को भी जानकारी दी है। मेले में बोर्ड लगाने के दौरान अगर कोई हंगामा या विरोध होता है, तो इसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की रहेगी।

### निगम का तर्क- बिचौलियों पर रोक लगाना मकसद

रतलाम नगर निगम के राजस्व समिति प्रभारी दिलीप गांधी का कहना है, मेले में रतलाम के अलावा बाहर से कई लोग दुकान लगाने के लिए आते हैं। यह निर्णय इसलिए लेना पड़ा, क्योंकि कोई बीच में बिचौलिया नहीं आए। वास्तिवक को ही दुकान मिले। टेंडर होने के बाद एक स्वीकृति पत्र दिया जा रहा है, जो दुकान पर आधारकार्ड के साथ रखना होगा। जब भी कोई जांच करने आता है, तो दुकानदार को यह बताना होगा। गांधी ने कहा, हमारी मंशा यह है कि जिस व्यक्ति के नाम से दुकान का टेंडर हुआ है, उसी को दुकान मिलना चाहिए। यूपी का निर्णय प्रदेश स्तर पर था। हमने केवल कालिका माता मंदिर मेला ग्राउंड तक की बात की है। जिस किसी के नाम का टेंडर खुले, वह अपना रजिस्ट्रेशन अपने पास रखे और प्रोपराइटर का नाम लिखे।

### व्यापारी बोले- अच्छा निर्णय है

अच्छा निर्णय है। जो बाहर से आते हैं, उनके लिए फायदा है। इससे पारदर्शिता रहेगी। जिसके नाम से टेंडर होगा, उसे ही दुकान मिलेगी। कोई दूसरा बीच में नहीं आ पाएगा। यूपी में इस तरह का निर्णय हुआ था, मालूम रहना चाहिए कि कहां - क्या चीज है। हालांकि, नसीम को अब तक दुकान आवंटित नहीं हुई है। उन्हें उम्मीद है कि इस नए नियम से बिचौलिये नहीं आएंगे और उन्हें सरलता से कम कीमत में दुकान मिल जाएगी।

### मेले में 215 से ज्यादा दुकानें, नीलामी के जरिए होंगी आवंटित

कालिका माता मेले में 9 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते हैं। बड़ी संख्या में शहरवासियों के अलावा जिले के भी लोग इस मेले में आते है। मां कालिका माता मंदिर परिसर स्थित श्री राम मंदिर के सामने वाला परिसर और पोलो ग्राउंड के पास आंबेडकर ग्राउंड में दुकानें- झूले लगाए जाते हैं। नगर निगम ने एक नक्शा बना रखा है। नक्शे को देखकर आवेदन करना होगा। मतलब, जिसे जिस नंबर और जिस जगह की दुकान चाहिए, उस हिसाब से आवेदन भरना होगा। बदले में निर्धारित फीस भी निगम को देना होगी। इसके बाद नीलामी के जरिए दुकानें आवंटित की जाएंगी। पोलो ग्राउंड के आसपास और आंबेडकर ग्राउंड में कुल 158 दुकानें लगेंगी। बाकी कालिका माता मंदिर परिसर के झाली तालाब के आसपास, राम मंदिर के सामने की तरफ लगेंगी। अब तक 80 दुकानों का आवंटन हो चुका है।

### निगम ने बैठक में लिया था निर्णय

नगर निगम राजस्व सलाहकार समिति की बैठक पिछले हफ्ते हुई थी। बैठक में समिति ने अनुशंसा की थी कि मेले में लगने वाली दुकानों पर नाम और प्रोपराइटर के नाम का बैनर जरूर लगाया जाए। टेंडर फॉर्म में भी इसका जिक्र किया जाए।

## वन विभाग में पदोन्नति और तबादले, समीता राजौरा पीसीसीएफ बनीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** वन विभाग में पदस्थ 1992 बैच की आईएफएस अधिकारी डॉ समीता राजौरा को प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। राजौरा को यह पदोन्नति आईएफएस सत्यानंद के रिटायर होने के बाद मिली है। वहीं प्रधान मुख्य वन संरक्षक मानव संसाधन और विकास शुभरंजन सेन का तबादला कर दिया गया है। आईएएफ अधिकारी राजौरा वर्तमान में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमपी इको पर्यटन विकास बोर्ड के पद पर पदस्थ हैं। उन्हें पदोन्नति के बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षक मानव संसाधन और विकास वन मुख्यालय भोपाल पदस्थ किया गया है। उधर वन विभाग द्वारा जारी एक अन्य आदेश में 1991 बैच के आईएफएस अफसर शुभरंजन सेन का तबादला प्रधान मुख्य वन संरक्षक मानव संसाधन और विकास वन मुख्यालय भोपाल से प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वित्त और बजट) मध्य प्रदेश बोपाल के पद पर कर दिया गया है।

## मप्र में दैनिक वेतन भोगी और श्रमिकों का वेतन बढ़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश के 2 लाख 75 हजार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी और श्रमिकों के वेतन में वृद्धि कर दी है। तीनों श्रेणी (अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल और उच्च कुशल) के वेतन में औसत 50 रुपए प्रति माह की वृद्धि हुई है। जिस पर कर्मचारियों ने नाराजगी भी जाहिर की है। यह वेतनवृद्धि 1 अक्टूबर से लागू कर दी गई है। इससे पहले मार्च 2024 में श्रमिकों के वेतन में वृद्धि की गई थी। श्रमायुक्त कार्यालय इंदौर ने वेतनवृद्धि के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके तहत अकुशल श्रमिक को प्रतिदिन 393.27 रुपए वेतन दिया जाएगा। इसमें 250 रुपए वेतन और 143.27 रुपए महंगाई भत्ता है। ऐसे ही उच्च कुशल श्रमिक को 529.23 रुपए प्रतिदिन वेतन मिलेगा, जिसमें 374.42 रुपए वेतन और 154.81 रुपए महंगाई भत्ता रहेगा। श्रमिक संगठन का कहना है कि सरकार को लगातार बढ़ती महंगाई एवं श्रमिकों की स्थिति देखकर निर्णय लेना था। हाल ही में दिल्ली सरकार ने अकुशल श्रमिक का वेतन बढ़ाकर 18066, अर्द्धकुशल का 19929 रुपए और कुशल श्रमिक का 21917 रुपए किया है। कम से कम मध्य प्रदेश सरकार इतना ही कर देती।

## गयाकोठा-सिद्धवट पर पितरों का श्राद्ध, देशभर से आए लोगों ने विधि विधान किया तर्पण और पिंडदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। श्राद्ध पक्ष की चतुर्दशी पर आज मंगलवार को गयाकोठा तीर्थ और श्री सिद्धवट पर दूध अर्पित करने के लिए लंबी कतार लगी। पूर्वजों की आत्मशांति के लिए लोगों ने तर्पण और श्राद्ध कर्म किया। रामघाट क्षेत्र में भी श्रद्धालुओं की भीड़ पूर्वजों के निमित्त तर्पण-पूजन के लिए उमड़ी।**

इस बार सोलह दिवसीय श्राद्ध पक्ष 15 दिनों में पूर्ण होंगे। मंगलवार को श्राद्ध पक्ष की चतुर्दशी तिथि होने से धार्मिक नगरी उज्जैन में देशभर से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। शिप्रा तट स्थित सिद्धवट पर भी भगवान सिद्धवट को दूध अर्पित करने के लिए सुबह 5 बजे से ही लोगों की कतार लगी रही। सिद्धवट मंदिर के पुजारी पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि श्राद्ध पक्ष की चतुर्दशी पर प्रातः 4 बजे से भगवान सिद्धवट मंदिर के पट खुले। सर्वप्रथम सिद्धवट मंदिर की



समस्त पुजारी मंडली द्वारा भक्तों के पूर्वजों की आत्म शांति व जनकल्याण एवं सृष्टि कल्याण के लिए भगवान सिद्धवट का पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात मंदिर प्रशासन द्वारा रखे गए निर्धारित पात्र में दूध अर्पित कर भगवान सिद्धवट का दुग्धाभिषेक संपन्न हुआ। अंकपात स्थित गयाकोठा का महत्व बिहार के गया के समान माना गया है। यहां पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सप्त ऋषि मंदिर में दूध अर्पित करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार दिनभर लगी रही। इसके साथ ही हजारों लोगों ने पूर्वजों की आत्मशांति के लिए तर्पण और श्राद्ध कर्म भी किया।

### राम घाट पर भी हुआ पूजन-तर्पण

श्राद्ध पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर मंगलवार को शिप्रा नदी के सभी घाटों पर श्राद्ध कर्म करने का महत्व है। यहां पर भी बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही। अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु रामघाट क्षेत्र में पहुंचकर शिप्रा में स्नान के पश्चात पूजन-अर्चन करते हैं। बड़ी संख्या में लोग चतुर्दशी को अपने पूर्वजों के मोक्ष के लिए पिंडदान और तर्पण कार्य करते हैं। हालांकि, इस बार शहर और आसपास के क्षेत्रों में हो रही वर्षा के कारण पिछले दो दिनों से शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। पर्व को देखते हुए होमगार्ड और एसडीईआरएफ के जवानों को सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था।

घर में पड़ी थी पिता की लाश, बेटा बोला-

# रुपये दो तब दूंगा मुखाग्नि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल।**शहडोल जिले में एक बेटे ने अपने पिता को मुखाग्नि नहीं दी। मां बेटे को फोन कर बुलाती रही, उससे एक बार घर आने की विनती करती रही, लेकिन उसका दिल नहीं पसीजा। मां ने उसे दुहाई दी कि आखिरी बार पिता का मुंह देख ले, उन्हें मुखाग्नि देकर चले जाना, लेकिन बेटे ने साफ इनकार कर दिया। ऐसा उसने सिर्फ इसलिए किया क्योंकि माता-पिता ने उसके द्वारा की गई रुपयों की मांग पूरी नहीं की थी। आखिर में हिम्मत और साहस दिखाते हुए पत्नी ने ही अपने पति को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। यह हृदय विदारक घटना जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में सामने आई है। अंतिम संस्कार के दो दिन बाद मां ने कलयुगी बेटे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ब्यौहारी थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 11 कछियान टोला निवासी पार्वती बर्मन पति स्व. रामस्वरूप बर्मन (65) के एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं। उसने बताया कि उसके इकलौते पुत्र मनोज बर्मन (31 वर्ष) का विवाह हो चुका है। आए दिन वह माता-पिता से पैसे की मांग कर झगड़ा करता रहता था, रुपयों की मांग पूरी नहीं होने पर वह ब्यौहारी में अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहने लगा था। पिता की मौत से एक दिन पहले भी वह (मां-पिता के) घर आया था और डेढ़ लाख रुपए की मांग कर रहा था। लेकिन, मां ने रुपये नहीं होने की बात कहकर उसे मना कर दिया। जिससे नाराज होकर वह रात में वहां से चला गया। अगली सुबह मनोज के पिता का बीमारी से निधन हो गया। मां ने बेटे से मोबाइल पर बात करते हुए पिता की मौत की खबर देकर जल्दी घर आने को कहा। लेकिन उस पर कोई फर्क नहीं पड़ा। उसने मां से दो टूक शब्दों में कहा कि मुझे पैसे भेजो, तब ही घर आऊंगा, वरना नहीं। मां ने रो-रोकर दुहाई देकर कहा कि अभी पैसे नहीं हैं, तू ऐसे समय में रुपयों की जिद कर रहा है, जब तेरे पिता की लाश घर में मौजूद है। लेकिन, इसके बाद भी बेटे का दिल नहीं पसीजा और उसने मां से यह तक कह दिया कि घर बेचकर मुझे पैसे दो, वरना मैं पिता को मुखाग्नि देने नहीं आऊंगा। माँ के अलावा मनोज की पत्नी ने भी कई बार उसे फोन करके घर आने को कहा, लेकिन वह नहीं आया। कुछ देर बात उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया।

# संपादकीय

## नेपाल में बारिश-बिहार में तबाही

यह आशंका पहले से थी कि नेपाल में भारी बरसात का बिहार पर भी व्यापक असर पड़ सकता है। अब नेपाल में बांधों से बड़े पैमाने पर पानी छोड़े जाने के बाद बिहार में जैसी तबाही मची है, उससे गहरी चिंता पैदा हो गई है। बिहार के कई जिलों की नदियों में उफान आ गया है और अब बाढ़ का पानी जितने बड़े दायरे में फैल गया है, उसे देखते हुए राज्य में अतीत में आई बाढ़ की त्रासद स्मृतियां ताजा हो गई हैं। गौरतलब है कि नेपाल में इस बार की बरसात का दबाव इतना ज्यादा है कि वहां कोसी बांध के कई दरवाजे खोलने की नौबत आ गई। नतीजतन, बिहार में कई नदियों के तटबंध टूट गए और अब उन्नीस जिलों में बाढ़ का पानी का फैल चुका है, सैकड़ों गांवों में पानी भर गया है और दस लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इससे पहले 2008 में समूचे कोसी क्षेत्र में भयावह बाढ़ आई थी, जिससे हुई व्यापक तबाही को इस बार याद किया जा रहा है, लेकिन बताया जा रहा है कि 1967 के बाद कोसी में और 2003 के बाद गंडक नदी में इतना पानी पहली बार आया है। विडंबना यह है कि जब भी नेपाल में बारिश और बाढ़ अधिक होती है, तो इसकी मार अनिवार्य रूप से बिहार पर पड़ती है। अगर बांधों के दरवाजे न खोले जाएं, तो बांध के ही टूटने का खतरा बढ़ जाएगा, जिसके बाद की तबाही की कल्पना भी डरा देती है। करीब सात दशक पहले भारत और नेपाल के बीच बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए कोसी नदी परियोजना की शुरुआत की गई, मगर अब भी यह त्रासदी कायम है। बरसात के मौसम में उफन कर जानमाल को व्यापक नुकसान पहुंचाने वाली नदियों को तटबंध बना कर नियंत्रित करने की कोशिश की गई, लेकिन बाढ़ के पानी के दबाव में जब ये तटबंध टूटते हैं, तब कई बार सामने पड़ने वाली समूची बस्तियां बह जाती हैं। सवाल है कि कई दशकों से कायम इस समस्या के समाधान के लिए सरकारों की ओर से कब कोई ऐसी योजना सामने आएगी, जिससे इतने बड़े इलाके में थोड़ी राहत महसूस की जा सके।

### अर्ज किया है..!

*बात वो कहिए कि*
*जिस बात के सौ पहलू हों*
*कोई पहलू तो रहे*
*बात बदलने के लिए*

– बेखुद देहलवी

isha



***ध्यान का मकसद आपके अंदर आवश्यक माहौल बनाना है ताकि आप आनंद और शांति में जिएं, और इसके फलस्वरूप आपकी प्रतिभा को उजागर करें।***

– जग्गी वासुदेव

## ज्ञान-विज्ञान

# लगातार ऊपर उठ रहा Everest... वजह भारत की जमीन या नेपाल की एक 'विचित्र' नदी



समुद्र की सतह से 29,031.69 फीट ऊंचा है माउंट एवरेस्ट. धरती का सबसे ऊंचा पहाड़. यह लगातार ऊपर जा रहा है. इसकी ऊंचाई बढ़ती जा रही है. वैज्ञानिकों ने स्टडी करके इसके पीछे की वजह एक विचित्र नदी को बताया है. साइंटिस्ट्स का मानना है कि हिमालय में मौजूद एक नदी ने एवरेस्ट की ऊंचाई को 164 फीट बढ़ाया है.

नई स्टडी के मुताबिक यह नदी करीब 75 किलोमीटर लंबी है. जिसे दूसरी नदी ने करीब 89 हजार साल पहले पकड़ लिया था. या यूं कहें कि उनका संगम हुआ था. इनकी वजह से इरोजन हो रहा है. यानी मिट्टी टूट-टूटकर गिर रही है. जिससे एक बड़ी गहरी घाटी बनी. इससे जमीन के बड़े टुकड़े का नुकसान हुआ. जिससे यह पहाड़ बना.

कहानी थोड़ी जटिल है... आसान करते हैं. यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के पृथ्वी विज्ञान विभाग के साइंटिस्ट एडम स्मिथ ने कहा कि दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है एवरेस्ट. हिमालय में आमतौर पर ज्यादातर पहाड़ों की ऊंचाई में 164 से 328 फीट का अंतर है. लेकिन एवरेस्ट दूसरी सबसे ऊंची चोटी K2 से 820 फीट ऊंचा है. यानी कुछ हैरान करने वाला हो रहा है.

### हर साल 2 मिलिमीटर ऊपर बढ़ता है एवरेस्ट

जीपीएस डेटा बताता है कि एवरेस्ट हर साल 2 मिलिमीटर की गति से ऊपर बढ़ रहा है. यह किसी भी पहाड़ के ऊपर बढ़ने की गति से कई गुना ज्यादा है. इसलिए एडम स्मिथ और उनकी टीम ने हिमालय की नदियों की स्टडी शुरू की. कहीं ये तो वजह नहीं बन रही हैं पहाड़ों की ऊंचाई बढ़ने की. खासतौर से एवरेस्ट की.

### अरुण नदी बनी है एवरेस्ट की ऊंचाई बढ़ाने की वजह

स्मिथ ने बताया कि एवरेस्ट के पास अरुण नदी (Arun River) है. यह L के आकार में बहती है. ज्यादातर नदियां किसी पेड़ की तरह होती है. उनकी मोटी शाखा होती है. जो कई शाखाओं में बंट जाती हैं. लेकिन अरुण नदी पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है. इसके बाद 90 डिग्री पर घूम कर हिमालय में दक्षिण की तरफ चली जाती है.

### कोसी नदी ने अरुण को मिलाया खुद में

इसका मतलब ये है कि नदी ने अपना स्वरूप बदला है, उसने किसी और नदी को पकड़ लिया है. यानी उससे मिल गई है. यह स्टडी हाल ही में नेचर जियोसाइंस में प्रकाशित हुई है. इस नदी को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने कोसी नदी के नेटवर्क को समझा. यह नदी चीन, नेपाल और भारत में बहती है. इसी ने अरुण नदी को पकड़ रखा है.

### 89 हजार साल पहले कोसी मिली थी अरुण से

अरुण नदी असल में कोसी नदी की मुख्य धारा है. जिसे कोसी ने करीब 89 हजार साल पहले पकड़ा था. नदी की दिशा में आए बदलाव से नदी का इरोजन शुरू हुआ. इससे अरुण नदी एक भयानक घाटी में बहने लगी. ये घाटी इरोजन की वजह से बनी. इस घाटी का बनना और नदी का इरोजन से आसपास का इलाका हल्का हो गया.

New Delhi

# गांधी जयंती पर पीएम मोदी ने बच्चों संग हाथ में झाड़ू थाम की सफाई, कहा- आप भी बनें इसका हिस्सा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती है। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लेकर केंद्रीय मंत्रियों और दिग्गज राजनेताओं तक ने बापू को याद किया। कई दिग्गज राजघाट पहुंचे और बापू को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इसके अलावा, पीएम मोदी ने दिल्ली में आयोजित एक स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने हाथ में झाड़ू थाम लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। पीएम ने स्वच्छ भारत की भावना को और मजबूत करने के लिए लोगों से इस मुहिम से जुड़ने की अपील की।**



पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कहा कि आप सभी से आग्रह है कि आज आप भी अपने आसपास स्वच्छता से जुड़ी मुहिम का हिस्सा जरूर बनें। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को देश में बेहतर स्वच्छता सुविधाएं सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण सामूहिक प्रयास करार दिया और इसे सफल बनाने में योगदान देने वालों को सलाम किया।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'गांधी जयंती पर आज अपने युवा साथियों के साथ स्वच्छता आभियान का हिस्सा बना। मेरा आप सभी से आग्रह है कि आज आप भी अपने आसपास स्वच्छता से जुड़ी मुहिम का हिस्सा जरूर बनें। आपकी इस पहल से 'स्वच्छ भारत' की भावना और मजबूत होगी।'

Maharashtra

## उड़ान भरते ही क्रैश हुआ पुणे में हेलिकॉप्टर, 2 पायलट समेत तीन लोगों की मौत

**पुणे, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के पुणे में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ. एक हेलिकॉप्टर क्रैश में तीन लोगों की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, हेलिकॉप्टर ने ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के पास से उड़ान भरी थी और कुछ ही देर बाद वह हादसे का शिकार हो गया.



इस दुर्घटना में 2 पायलट और एक इंजीनियर समेत 3 लोगों की मौत की खबर सामने आई है.यह हादसा सुबह करीब 7.30 बजे हुआ. मौके पर फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंच गई हैं. अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है. इससे पहले 24 अगस्त को भी पुणे में एक हादसा हुआ था जब एक निजी कंपनी का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था. इसमें चार लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई थी. हेलिकॉप्टर जुहू (मुंबई) से हैदराबाद की ओर उड़ान भर रहा था.

Uttarakhand

## गाय चराने जंगल गए पिता-पुत्र पर ततैया के झुंड ने किया हमला, दोनों की दर्दनाक मौत

**मसूरी, (एजेंसी) उत्तराखंड के टिहरी जिले से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां ततैयों के एक झुंड ने पिता-पुत्र पर हमला कर दिया, जिसमें उनकी जान चली गई. इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया. ग्रामीणों ने बताया कि दोनों गाय चराने जंगल गए थे. घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए उप जिला चिकित्सालय लंढोर मसूरी भेजा गया. जहां इलाज के दौरान पिता और 8 साल के मासूम की मौत हो गई.**

जानकारी के मुताबिक, बीते दिन सुंदरलाल (47) निवासी ग्राम तुनेटा अपने आठ वर्षीय पुत्र अभिषेक के साथ गाय चराने जंगल की तरफ जा रहे थे. तभी अचानक कई ततैया ने पिता पुत्र पर हमला कर दिया गया. सुंदरलाल अपने पुत्र को बचाने के लिए उसके ऊपर लेट गए, लेकिन इसके बावजूद दोनों पर ततैया का हमला जारी रहा. जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए.

उप जिला चिकित्सालय के डॉक्टर के एस चौहान ने बताया कि ततैया द्वारा दोनों को बहुत ही बुरी तरीके से काटा गया था. उन्हें बचाने की काफी कोशिश की गई थी. पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

मृतक सुंदरलाल अपने घर में अकेले कमाने वाले थे, पीड़ित परिजनों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है. क्षेत्र पंचायत सदस्य पूनम ने कहा कि उनके गांव के लिए बहुत बड़ी क्षति है और सरकार उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा उपलब्ध करवाए. डीएफओ ने अमित कंवर ने का कहना है कि नियम के अनुसर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी.

Rajasthan

## राजस्थान के इन रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी, पत्र में जैश-ए-मोहम्मद का जिक्र



**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के हनुमानगढ़ में एक अज्ञात व्यक्ति ने रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र भेजा। पत्र में जैश-ए-मोहम्मद के नाम से धमकी दी गई। जानकारी मिलने के बाद BSF, GRP, RPF और जंक्शन पुलिस ने स्टेशन की तलाशी ली, वहीं GRP थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि जांच में कुछ भी नहीं निकला लेकिन बीते 11 महीनों में प्रदेश में ऐसी धमकियां लगातार मिल रही हैं। इससे पहले राजधानी जयपुर में स्कूल, मॉल और एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने वाले ई-मेल मिल चुके हैं।

बीते 11 महीनों में प्रदेश में 7 बम होने की सूचना मिली है। इसमें कल के घटनाक्रम के अलावा पिछले साले 27 दिसंबर के बाद इस साल 15 फरवरी, 26 अप्रैल, 29 अप्रैल, 13 मई, 18 जून और 22 अगस्त की तारीखें शामिल हैं। बीते साल 27 दिसंबर को भी जयपुर सहित करीब आधा दर्जन से अधिक एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। ऑफिशियल कस्टमर केयर आईडी पर ईमेल मिलने के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई थी। तब भी जांच में किसी तरह की कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली थी। इसी साल 15 फरवरी की रात को जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। जयपुर एयरपोर्ट की ऑफिशियल आईडी पर डॉन ऑफ इंडिया नाम की आईडी से ई-मेल भेजकर धमकी दी गई थी।

खेल

# भारत ने दूसरा मैच जीतने के साथ बांग्लादेश का किया सूपड़ा साफ, घर पर लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीती

**कानपुर, (एजेंसी)** भारत ने बांग्लादेश को कानपुर टेस्ट में सात विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। टीम इंडिया को 95 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे रोहित एंड कंपनी ने तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 233 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 285 रन बनाकर घोषित कर दी थी। भारत को तब 52 रन की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी में बांग्लादेश की टीम ने 146 रन बनाए और भारत के सामने 95 रन का लक्ष्य दिया था। टेस्ट में आधिकारिक तौर पर एक दिन में 90 ओवर फेंके जाते हैं। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 74.2 ओवर, भारत ने अपनी पहली पारी में 34.4 ओवर, बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में 47 ओवर और भारत ने अपनी दूसरी पारी में 17.2 ओवर खेले। इन सभी को मिला दें तो लगभग




174 ओवर बनते हैं और यह दो दिन के कुल ओवरों (180) से भी कम है। भारत ने इस टेस्ट में साहसिक खेल दिखाया। पहले दिन 35 ओवर का ही खेल हो पाया था। बारिश ने मैच में खलल डाला और फिर दूसरे और तीसरे दिन का खेल बारिश से धुल गया था। चौथे दिन खेल शुरू हुआ और भारत ने बांग्लादेश को समेटने के बाद फिर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर टेस्ट में किसी टीम द्वारा सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाने का रिकॉर्ड बना डाला। इसके बाद बांग्लादेश को दूसरी पारी में जल्दी समेटकर आसान लक्ष्य का पीछा किया। भारत ने बांग्लादेश को दो या उससे ज्यादा मैचों की टेस्ट सीरीज में पांचवीं बार क्लीन स्वीप किया है। टीम इंडिया इससे पहले 2004/05, 2009/10, 2019/20, 2022/23 में ऐसा कर चुकी है। वहीं, भारत ने ओवरऑल टेस्ट में 37वीं बार किसी टीम को क्लीन स्वीप किया है। भारत ने अपने घर में लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीती है।

**भारत की दूसरी पारी-** भारत के लिए दूसरी पारी में विराट कोहली 29 रन और ऋषभ पंत चार रन बनाकर नाबाद रहे। रोहित शर्मा आठ रन, शुभमन गिल छह रन और यशस्वी जायसवाल 51 रन बनाकर आउट हुए। विराट और यशस्वी के बीच तीसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी हुई। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने दो विकेट लिए, जबकि तैजुल इस्लाम को एक विकेट मिला। यशस्वी ने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया।

**बांग्लादेश की दूसरी पारी 146 रन पर सिमटी-** बांग्लादेश की दूसरी पारी 146 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश की टीम ने मंगलवार को दो विकेट पर 26 रन से आगे खेलना शुरू किया और 120 रन बनाने में बाकी बचे आठ विकेट गंवा दिए। बांग्लादेश की ओर से शदमान इस्लाम ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। उन्होंने 101 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके लगाए। इसके अलावा आज आउट होने वालों में मोमिनुल हक (2), कप्तान नजमुल शांतो (19), मुशफिकुर रहीम (37), लिटन दास (1), मेहदी हसन मिराज (9) शामिल हैं।

सिनेमा

## पीएम मोदी ने फोन पर लिया रजनीकांत का हालचाल, सोमवार से हॉस्पिटल में भर्ती हैं सुपरस्टार



भारत के सबसे बड़े फिल्म स्टार्स में से एक रजनीकांत का हॉस्पिटल में भर्ती होना फैन्स के लिए थोडी सी चिंता भरी खबर थी. रजनीकांत को सोमवार की देर रात हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था. जानकारी में ये सामने आया था कि रजनीकांत एक एलेक्टिव सर्जरी के लिए हॉस्पिटल में भर्ती हुए हैं. अब प्रधानमंत्री मोदी ने फोन कॉल पर रजनीकांत का हालचाल लिया है. तमिलनाडु बीजेपी लीडर के. अन्नामलाई ने ये जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की. अन्नामलाई ने सोशल मीडिया पर रजनीकांत और उनकी पत्नी लता का, प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक पुराना फोटो शेयर किया. अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने टेलीफोन पर, हमारे सुपरस्टार श्री रजनीकांत जी की सेहत को लेकर, श्रीमती लता रजनीकांत से बात की. माननीय प्रधानमन्त्री को सर्जरी के बाद श्री रजनीकांत के हालचाल की जानकारी दी गई और प्रधानमंत्री ने उन्हें जल्दी रिकवरी के लिए विश किया.' इससे पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और तमिल इंडस्ट्री में रजनीकांत के साथी वेटरन स्टार कमल हासन ने भी एक्स पर उनकी अच्छी सेहत और जल्दी ठीक होने की विश की थी. इंडस्ट्री के बड़े स्टार्स में से एक विजय जोसफ ने भी


## Highlights

1. **PM Modi called me after Olympic disqualification but I declined to talk: Vinesh Phogat**
2. **Sanatan Rakshak Dal removes Sai Baba statues from several Varanasi temples**
3. **Why 'ring of fire' solar eclipse won't be visible in India?**
4. **Cancer-causing agents found in 12 cake varieties in Bengaluru: Report**
5. **Why is April 17, 2025 deadline for Noida airport launch crucial?**

# 'Can adapt to your habits, still very much a digital entity': Microsoft Copilot

**NEW DEIHI, (Agency).** It is imperative to start with this observation — your chats with Copilot may not sync across devices. And the voice mode may not be immediately available That's our experience from a conversation with the new Copilot via the app for iPhone. We discussed its updates, and that lead to a conversation about the meaning of life. That chat isn't available on the desktop (some older conversations are, mind you). Nevertheless, Microsoft has rolled out a significant update for its Copilot artificial intelligence (AI) assistant.

The highlights include a complete redesign of the web & app interfaces, OpenAI's GPT-4o and o1 models likely on board, an ability to hold conversation, a new voice mode (in the same landscape is ChatGPT's Advanced Voice mode) and it'll read out a curated news package. That's the broader view, the exciting and definitive changes lie deeper.




Who better to ask about Copilot's latest set of upgrades, than Copilot itself? That's what we did. "I aim to act as a helpful, intuitive companion. I can understand your needs, adapt to your habits, and provide more human-like interactions—but I'm still very much a digital entity with my own unique advantages. Not a human, but designed to make your life easier and more interesting," is how Copilot describes itself.

"In the field of AI, we often get caught up in the technical details. We spend our time talking about parameters and compute. The focus is on training runs, data centers and the latest techniques. But I think it's important that in doing all of this, getting stuck right in the technical weeds, we don't lose sight of not only what we are building, but why we are building it," Mustafa Suleyman, executive vice-president and CEO of Microsoft AI, said in a statement.

# India's September GST collection rises 6.5% YoY at ₹1.73 lakh crore

**NEW DEIHI, (Agency).** Goods and services tax (GST) revenue growth rate declined to 6.5 per cent in September at ₹1.73 lakh crore as the rise in collections from domestic transactions as well as imports slowed. However, with the festival season ahead, collections are expected to be better in the coming months, tax experts said.According to government data released on Tuesday, GST revenues in September last year was ₹1.63 lakh crore, while the In August 2024, the mop-up was ₹1.75 lakh crore.Gross domestic revenue grew 5.9 per cent to about ₹1.27 lakh crore. Revenue from import of goods was up 8 per cent to ₹45,390 crore.Refunds worth ₹20,458 crore were issued during the month, an increase of 31 per cent over the year-ago period. After adjusting refunds, the net GST revenue in September stood at ₹1.53 lakh crore, 3.9 per cent higher than the year-ago period.GST collections during the April-September period of the current fiscal year grew 9.5 per cent to over ₹10.87 lakh crore. PwC India Partner Pratik Jain said while the year-to-date GST revenues (September 2024) grew over 9 per cent, the monthly growth is perhaps less than expected.



# बस ने ली महिला की जान, पत्नी घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **गवालू घाट पर तेज रफ्तार एक बस ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। बस के पिछले पहिए में आने से पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इंदौर रैफर किया गया है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को बड़वाह सिविल अस्पताल भेजा है।**

जानकारी के अनुसार राजकुमार चौधरी निवासी नेहरू नगर पत्नी संगीता (50) के साथ ओंकारेश्वर दर्शन के लिए बाइक से जा रहे थे। उनके साथ अन्य रिश्तेदार भी थे, जो दूसरी बाइक पर आगे निकल गए थे। गवालू घाट पर तेज गति से आ रही बुरहानपुर-पीथमपुर बस (एमपी 13पी 1834) ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बाइक अगले पहिए में फंस गई। साथ ही राजकुमार और संगीता भी पहिए के नीचे आ गए। बस करीब 15 फीट तक बाइक को घसीटती हुई ले गई। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि जगदीश बाइक के कारण बच गया, लेकिन उसका बायां हाथ और पैर फ्रैक्चर हो गया।

### बस के ब्रेक ठीक से नहीं लग रहे थे

घटना की जानकारी मिलने पर अन्य रिश्तेदार जो आगे निकल गए थे, वे वापस घटनास्थल पर आए। वीभत्स दृश्य देखकर वे फूट-फूटकर रोने लगे। इधर, हादसे के बाद 108 एंबुलेंस बुलाकर दोनों को अस्पताल भेजा गया। बस में बैठे यात्रियों ने बताया कि बस के ब्रेक में कुछ समस्या थी। बस चालक ने रास्ते में ब्रेक का कुछ काम भी करवाया था। इसके बाद भी वह बस को तेज रफ्तार से भगा रहा था।

### यात्रियों को छोड़कर भाग निकले चालक-परिचालक

थाना प्रभारी बलवाड़ा अनिल बामनिया ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस की रफ्तार काफी तेज थी। ड्राइवर ने दंपती की बाइक को पीछे से टक्कर मारी। इस घटना के बाद बस के ड्राइवर और कंडक्टर मौके से सवारी छोड़कर फरार हो गए। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

## लापता प्रिंसिपल एक माह बाद लौटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। करीब एक महीने तक लापता रहे क्रिश्चियन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अमित डेविड इंदौर लौट आए हैं। उन्होंने 1 अक्टूबर को ड्यूटी भी जॉइन कर ली। साथ ही बिना सूचना जाने, किडनैप, विवाद सहित सारे कारणों से इनकार किया। यह दावा किया कि मैं पूरे समय वेस्ट बंगाल में था। वहां ग्रामीण इलाके में नेटवर्क नहीं मिलता था इसलिए गफलत हुई। साथ ही कहा कि मैं इतना बड़ा व्यक्ति नहीं हूं, जिसे लेकर कई तरह की चर्चाएं हो। डॉ. डेविड 31 अगस्त से कॉलेज नहीं आए थे। पूरे समय उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ रहा। नजदीकी लोगों के मुताबिक उन्होंने न तो अवकाश के लिए कोई आवेदन दिया था और न ही उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति ली थी। उनका प्रभार प्रो. प्रकाश चौधरी को दिया गया। इसका भी कोई रिकॉर्ड नहीं था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक